# 17 राजस्थान के खनिज संसाधन

1. वर्ष 2023–24 में राजस्थान में प्रचलित कीमतों पर सकल राज्य मूल्यवर्धन (जीएसवीए) में खनन क्षेत्र का योगदान रहा है–
(1) 3.38% (2) 4.25%
(3) 5.40% (4) 2.38%

2. मई 2024 में हुए हादसे के कारण चर्चा में रही 'कोलिहान खदान' किस जिले में स्थित है?
(1) सीकर (2) जयपुर
(3) नीमकाथाना (4) ब्यावर

3. आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट 2023–24 के अनुसार राजस्थान में प्रधान खनिजों के लिए कितने खनन पट्टे जारी किए गए हैं–
(1) 125 (2) 205 (3) 148 (4) 150

4. जैसलमेर के किस स्थान से रॉक फॉस्फेट के भण्डार मिले हैं?
(1) रामगढ़ (2) खेतोलाई
(3) भादरिया (4) बिरमानिया

5. राजस्थान के किन जिलों में पोटाश के अकूत भण्डार मिले है–
(1) जालौर, बाड़मेर, सिरोही
(2) कोटा, बूँदी, झालावाड़
(3) जयपुर, दौसा, अलवर
(4) बीकानेर, श्री गंगानगर, हनुमानगढ़

6. झामर कोटड़ा खानें जानी जाती है–
(1) तामड़ा (2) तांबा (3) टंगस्टन (4) रॉक–फॉस्फेट

7. ग्रेनाइट सिटी है –
(1) जैसलमेर (2) नागौर (3) कोटा (4) जालौर

8. भीलवाड़ा जिले के आगूंचा–गुलाबपुरा क्षेत्र में कौनसा खनिज प्राप्त होता है–
(1) टंगस्टन (2) सीसा–जस्ता
(3) स्लेटी पत्थर (4) चूना पत्थर

9. आनन्दपुर–भुकिया में किस खनिज के भण्डार हैं?
(1) पन्ना (2) थोरियम (3) हीरा (4) स्वर्ण

10. भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने राज्य के किन दो जिलों में स्वर्ण भण्डार होने का अनुमान हाल ही में व्यक्त किया है–
(1) बाँसवाड़ा तथा उदयपुर (2) उदयपुर, चितौड़गढ़
(3) उदयपुर तथा सिरोही (4) जालौर, बाड़मेर

11. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है–
(1) राजस्थान के राजसमंद एवं अजमेर जिलों में पन्ना निक्षेप पाये जाते हैं।
(2) राजस्थान भारत में जिप्सम का लगभग अकेला उत्पादक राज्य है।
(3) राजस्थान भारत में लिग्नाईट कोयला उत्पादन में प्रथम स्थान पर है।
(4) अजमेर राजस्थान में फैल्सपार का अग्रणी उत्पादक है।

12. RSMML का पूरा नाम क्या है?
(1) Rajasthan State Mines and mineral Ltd.
(2) Rajasthan state mineral and minesl Ltd.
(3) Rajasthan state mens and mativision Ltd.
(4) Rajasthan stunderd mind. and menes Ltd.

13. निम्न को सुमेलित कीजिए –

| खनिज क्षेत्र | जिला |
|---|---|
| A. मांडो की पाल | i. डूँगरपुर |
| B. बाबरमाल | ii. उदयपुर |
| C. भैंसलाना | iii. जयपुर ग्रामीण |
| D. सलादीपुरा | iv. सीकर |

| कूट – | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | i | ii | iii | iv |

14. खनिज तेल व गैस क्षेत्र का कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है–
(1) मंगला– जोगासर (बालोतरा)
(2) ऐश्वर्या– बायतू (बालोतरा)
(3) रागेश्वरी– गुढ़ामालानी (बाड़मेर)
(4) भाग्यम–बोथिया (बाड़मेर)

15. बाघेवाला तेल क्षेत्र किस जिले में स्थित है?
(1) बीकानेर (2) जैसलमेर
(3) बाड़मेर (4) गंगानगर

16. निम्न में से असंगत छांटिये –
(1) बनवास,कुदान– ताँबा
(2) गोठ मंगलोद, जोधियासी –जिप्सम
(3) घेवरिया चांदपुर – घीया पत्थर
(4) गिरल, बोथिया– खनिज तेल

17. राजस्थान में क्वार्टजाइट उत्पादन वाले जिले हैं–
(1) अजमेर व भीलवाड़ा (2) उदयपुर व सलूम्बर
(3) बाँसवाड़ा व डूँगरपुर (4) सीकर व नागौर

18. गुढ़ा–किशोरीदास और चौथ का बरवाड़ा जिस खनन के लिए प्रसिद्ध है, वह है–
(1) मैंगनीज (2) लौह अयस्क
(3) सीसा एवं जस्ता (4) ताँबा

19. उदयपुर के रेलपातलिया व अलवर के भानखेड़ा में किस खनिज के बड़े भंडार उपलब्ध हैं?
(1) चूना पत्थर (2) बेरिलियम
(3) बेराइटस (4) अभ्रक

20. राजस्थान का कौनसे जिले वर्तमान में जिप्सम का अधिकतम उत्पादन करते हैं–
(1) शाहपुरा, ब्यावर (2) अजमेर, भीलवाड़ा
(3) नागौर, बीकानेर (4) अलवर, जयपुर

21. सीकर जिले के किस स्थान पर यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया (UCIL) ने यूरेनियम उत्खनन के लिए सुरंग निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया है, यह UCIL का देश में तीसरा प्रोजेक्ट है–
(1) रॉयल, सुहागपुरा (2) दादिया, कटराथल
(3) रामगढ़ शेखावाटी (4) बाजोर, रेवासा

22. नात की नेरी, तुनका व बंजारी प्रमुख उत्पादक क्षेत्र है–
(1) ग्रेफाइट (2) फैल्सपार
(3) अभ्रक (4) बेरीलियम

23. 'Mineral Carbon' किसे कहाँ जाता है ?
(1) ग्रेफाइट (2) यूरेनियम
(3) थोरियम (4) हीरा

24. राजस्थान स्टेट पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की स्थापना कब की गई–
(1) 10 जुलाई 2014 (2) 10 जुलाई 2008
(3) 10 जुलाई 2012 (4) 10 जुलाई 2010

25. ताँबे के भण्डारों की दृष्टि से राजस्थान का स्थान है–
(1) द्वितीय (2) तृत्तीय (3) प्रथम (4) चतुर्थ

26. राजस्थान के बनिया का बास व राजपुर–नानावास–टोडा–चिपलाटा क्षेत्र में कौन–सा खनिज पाया जाता है–
(1) लौह अयस्क (2) ताँबा
(3) सीसा–जस्ता (4) टंगस्टन

27. किस खनिज से सीमेंट, चादरें, टाइलें, फिल्टर्स, बॉयलर्स तथा अन्य ताप निरोधक वस्तुओं का निर्माण होता है–
(1) एस्बेस्टॉस (2) सेलेनाइट
(3) डोलोमाइट (4) चूना पत्थर

28. निम्न में से कौनसा अर्द्ध–दुर्लभ पत्थर राजस्थान में प्रचुरतम मात्रा में पाया जाता है–
(1) पन्ना (2) सुलेमानी पत्थर
(3) हीरा (4) रूबी

29. राजस्थान में प्राकृतिक गैस का पहला कुआँ कहाँ पर खोदा गया?
(1) कमलीताल (जैसलमेर) (2) घोटारू (जैसलमेर)
(3) डांडेवाला (जैसलमेर) (4) लंगतला (जैसलमेर)

30. राजस्थान के किस शहर को 'ताम्र नगरी' कहा जाता है?
(1) खेतड़ी (2) देबारी (3) डेगाना (4) पलाना


31. नून, कालकाजी, कवला, खम्बी आदि ग्रेनाईट खानें किस जिले में स्थित हैं?
(1) उदयपुर (2) जालौर (3) पाली (4) भीलवाड़ा

Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve

# पशु–परिचर भर्ती के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–

Dhindhwal Publication




- Dhindhwal Publication
- धींधवाल पब्लिकेशन
- Dhindhwal Classes
- @Publication-DP
- Dhindhwal Publication

टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।